**भारत सरकार**
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 3149**
**दिनांक 21 दिसम्बर, 2023**

**एलपीजी सिलेंडरों की कीमत**

**†3149. श्री दीपक बैज:**

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने हाल ही में राजस्थान में 450 रुपये प्रति सिलेंडर की दर से एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराने की घोषणा की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में 450 रुपये की दर से एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराने पर सक्रिय रूप से विचार कर रही है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री रामेश्वर तेली)**

(क) से (घ) जी नहीं। भारत सरकार द्वारा राजस्थान में ऐसी कोई घोषणा नहीं की गई है।

भारत अपनी घरेलू एलपीजी खपत के 60% से अधिक का आयात करता है। देश में एलपीजी के मूल्य अंतरराष्ट्रीय बाजार में इनके मूल्यों से जुड़े हैं। घरेलू एलपीजी के लिए, सरकार उपभोक्ताओं के लिए प्रभावी मूल्य को आवश्यकतानुसार घटाती-बढ़ाती रहती है। वर्ष 2020-21 से वर्ष 2022-23 की अवधि के दौरान, औसत सऊदी सीपी मूल्य (एलपीजी मूल्य निर्धारण हेतु अन्तरराष्ट्रीय बेंचमार्क) 415 यूएस डॉलर/एमटी से बढ़कर 712 यूएस डॉलर/एमटी हो गया। तथापि, अन्तरराष्ट्रीय मूल्यों में हुई वृद्धि के भार को उपभोक्ताओं पर पूरी तरह से नहीं डाला गया जिसके चलते तेल विपणन कम्पनियों (ओएमसीज) को घरेलू एलपीजी की बिक्री पर लगभग 28,000 करोड़ की अल्प-वसूली का सामना करना पड़ा। इसकी क्षतिपूर्ति करने के लिए सरकार ने वित्त वर्ष 2022-23 में ओएमसीज़ को 22,000 करोड़ रुपए का एकमुश्त मुआवजा अनुमोदित किया था।

सरकार ने दिनाँक 30 अगस्त, 2023 से एलपीजी सिलेंडर के प्रभावी मूल्य में 200 रुपए प्रति 14.2 किलोग्राम एलपीजी सिलेंडर की कमी की थी। दिनाँक 21 मई, 2022 से सरकार ने वर्ष 2022-23 और वर्ष 2023-24 के लिए, प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के लाभार्थियों के लिए प्रतिवर्ष अधिकतम 12 रीफिल हेतु 200 रुपए प्रति 14.2 किलोग्राम एलपीजी सिलेंडर की निर्धारित राजसहायता के निमित्त बजटीय सहायता प्रदान कर रही है। इसके अलावा, दिनाँक 5 अक्टूबर, 2023 से प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के सभी लाभार्थियों के लिए निर्धारित राजसहायता को और बढ़ाकर 300 रुपए प्रति 14.2 किलोग्राम एलपीजी सिलेंडर कर दिया गया है। दिनाँक 01.12.2023 की स्थिति के अनुसार पीएमयूवाई उपभोक्ताओं के लिए घरेलू एलपीजी का प्रभावी मूल्य 603 रुपए प्रति 14.2 किलोग्राम एलपीजी सिलेंडर (दिल्ली में) है।

*****